## खबर संक्षेप



### एसडीओपी ने खितौली में किया ग्रामीणों से संवाद

**बरही।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे द्वारा रविवार को खितौली में पहुंचकर लोगों से संवाद किया। जनसंवाद के दौरान चौकी प्रभारी सऊनि अखिलेश कुमार मिश्रा के साथ सेफ़ क्लिक 2.0 अभियान के तहत खितौली कस्बा में जाकर आम जन को किया जागरूक , डिजिटल अरेस्ट के संबंध में दी जानकारी , अननोन कॉलर के वीडियो कॉल न उठाने की दी सलाह , अननोन apk फाइल्स न डाउनलोड करने की दी हिदायत, एवं ओटीपी पासवर्ड किसी से नहीं शेयर करने के संबंध में किया जागरूक जनसंवाद दौरान बच्चे , बुजुर्ग , महिला एवं हर वर्ग के लोग उपस्थित रहे ।

### किसानों को एनपीके खाद प्रयोग करने की दी सलाह

**कटनी।** कृषि विभाग ने जिले के सभी किसान साथियों को फसलों में ज्यादा उपज हेतु केवल यूरिया और डीएपी पर निर्भर न रहते हुये 12:32:16 एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है। फसलों के लिए तीन मुख्य पोषक तत्व— नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश आवश्यक है। लेकिन किसान साथी अक्सर पोटाश तत्व की अनदेखी कर रहे हैं, जिसके कारण उन्हें अपेक्षित उपज नहीं मिल पा रही है। पोटाश तत्व पौधों के लिए एक 'सुरक्षा कवच' का काम करता है। यह रोग और कीटों के प्रति पौधों में प्रतिरोधक क्षमता लाता है। यह फसल के दाने को बोल्ड (मोटा) बनाता है और दाने में चमक लाता है, जिससे फसल का बाजार मूल्य भी बेहतर हो सकता है। उपसंचालक कृषि रामखेलावन डेहेरिया ने बताया कि जिले में विशेष रूप से एनपीके 12:32:16 खाद उपलब्ध है। डीएपी खाद की तुलना में एनपीके खाद थोड़ी महंगी होती है। लेकिन एनपीके खाद में पोटाश तत्व भी शामिल होता है, जबकि डीएपी में केवल नाइट्रोजन और फॉस्फोरस तत्व होते हैं।

### जिले में अब तक 111.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 5 जुलाई तक कुल 111.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान स्लीअमनाबाद तहसील में रिकार्ड 411.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 182.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 136.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 180.5 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 23.0 मिलीमीटर, बरही तहसील में 97.8 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 90.4 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 129.2 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 182.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 48.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### वार्डों में फॉगिंग अभियान

**कटनी।** वर्षा ऋतु के दस्तक देते ही जहां एक तरफ मौसम सुहाना हो गया है, वहीं दूसरी तरफ मच्छर जनित बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। इस खतरे को भांपते हुए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। नागरिकों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग ने अपने फॉगिंग अभियान की गति को दोगुना कर दिया है। निगम की विशेष टीमों ने शहर के चार प्रमुख वार्डों में सघन फॉगिंग अभियान चलाया। इस दौरान आधुनिक मशीनों के जरिए इन क्षेत्रों की गलियों, नालियों में रासायनिक धुएं का छिड़काव किया गया, ताकि मच्छरों के लावे और वयस्क मच्छरों को पनपने से पहले ही नष्ट किया जा सके।

## शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बढ़ रही चोरी की वारदातें, कानून का माखौल उड़ा रहे बदमाश

# सक्रिय चोर चटका रहे ताले, वाहन कर रहे पार

जिले में बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं अपराधिक तत्वों की धरपकड़ के लिये पुलिस महकमे द्वारा भले ही अभियान चलाकर कार्यवाही के दावे किये जा रहे हैं बावजूद इसके सक्रिय चोर बदमाश आये दिन वारदातो को अंजाम दे रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातें आये दिन हो रही हैं। घरों, दुकानों, मंदिरों को तो निशाना बनाया ही जा रहा है वाहनों की चोरियों के मामले भी बढ़ रहे हैं। एक सप्ताह के भीतर अलग अलग स्थानों से तीन दोपहिया वाहन सहित ट्रेक्टर चोरो ने पार कर दिया। साथ ही घरों को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात भी लेकर चंपत हो गये। बढ़ती वारदातों को देखकर यही कहावत चरितार्थ हो रही है कि ज्यों ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सक्रिय वाहन चोर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में दुकान, बाजार या घर के बाहर दोपहिया वाहन सुरक्षित नहीं हैं। बाइक चोरी की घटनाएं आये दिन हो रही हैं। भीड़ भरे इलाके, बाजार, रेलवे स्टेशन और बैंक परिसर सहित सार्वजनिक स्थानों व दुकानों और घरों के सामने खड़े वाहनों को भी चोर ले जा रहे हैं। सक्रिय बदमाश बाइक पर दूर से नजर रखते हैं। बाइक सवार अपनी गाड़ी से थोड़ी दूर हुए नहीं कि चोर कारनामा दिखाने में जरा भी देर नहीं करते। मास्टर चाबी से या किसी अन्य तरीके से बाइक लेकर गायब हो जाते है। शहरी क्षेत्र में जगह जगह कैमरों से निगरानी होने के बाद भी चोर आसानी से फरार हो जाते हैं।

### यहां से चोरी हुई बाइकें

कोतवाली थाना से चंद कदम दूर शासकीय अस्पताल परिसर से भी चोरों ने वारदात को अंजाम दिया और दोपहिया वाहन चोरी कर लिया। जालपा वार्ड (पुरानी बस्ती) निवासी निखिल खम्परिया 38 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 MF 0772 लेकर अस्पताल आए थे, जिसे परिसर से ही किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। पुलिस मामले की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

कोतवाली थाना के ही विश्वकर्मा पार्क के पास स्थित बैंक के सामने से एक और बाइक चोरी हुई। अशोक कॉलोनी निवासी अखिलेश कुमार यादव 53 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ME 2028 खड़ी कर किसी काम से गए थे, तभी अज्ञात आरोपी ने वाहन पर हाथ साफ कर दिया।

उधर माधवनगर थाना क्षेत्र में भी वाहन चोरों ने अपनी करतूत दिखाई। एनकेजे तिलक कॉलेज छात्रावास में रहने वाले शिवपूजन पांडे 36 वर्ष रात के समय दिव्यांचल गार्डन के पास आए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 MK 3014 बाहर पार्क की थी, जिसे रात करीब 9 से 11 बजे के बीच अज्ञात चोर चुरा ले गया। पुलिस ने शिकायत पर अपराध दर्ज किया है।

इसी तरह बाकल थाना अंतर्गत ग्राम बरतरी में रहने वाले विजय रजक के घर के सामने खड़ी नीले रंग की ट्रैक्टर-ट्रॉली को अज्ञात चोरों ने आधी रात को उड़ा लिया। बाकल पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2), 379 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### नकदी व जेवरात किये साफ

कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंद्रानगर साईं मंदिर के पास रहने वाले अजय वैरागी 23 वर्ष के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। घटना 2 और 3 जुलाई की दरमियानी रात की है। प्रार्थी जब घर लौटा तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने अलमारी में रखे 02 नग सोने के हार, 03 नग सोने की चेन, 04 नग सोने की अंगूठियां, 03 जोड़ी चांदी की पायल, 02 नग चांदी की करधन, 08 नग बिछिया और भगवान की एक छोटी सोने की चेन सहित कुल 95,000 नगद पार कर दिए। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### मौका पाते ही ले जाते हैं वाहन

वाहन चोर पहले से ही टारगेट तय कर लेते हैं। वाहन स्वामी नजरों से ओझल हुआ कि बदमाश वाहन लेकर चंपत हो जाते हैं। जानकारों की माने तो चोरों के पास मास्टर की चाबी होती है, या फिर वाहन का लॉक तोड़कर वारदात को अंजाम देते हैं। सक्रिय बदमाश आए दिन कहीं न कहीं से लोगों के वाहन चोरी कर रहे हैं। चोर जहां सूने में खड़े वाहनों को निशाना बना रहे हैं तो वहीं बाजारों की पार्किंग से भी मौका मिलते ही बाइक उड़ा रहे हैं जबकि पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

## महिला अपराधी को 5 माह तक थाना में देनी होगी हाजिरी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने ग्राम टेढ़ी थाना माधवनगर निवासी फूलमति उर्फ फूला लुनिया पति राकेश लुनिया 48 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 5 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 15 तारीख को पुलिस थाना माधवनगर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। फूलमती एक आदतन अपराधी है और वर्ष 2016 से ही माधवनगर थाना क्षेत्र में लगातार अपराध करते चली आ रही है। इसके विरूद्ध अब तक कुल 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें आमजन के साथ गाली-गलौज करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, अवैध शराब का विक्रय करना तथा अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर बलवा जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा फूलमती के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार मंन कोई सुधार नहीं हुआ। फूलमती उर्फ फूला लुनिया द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये कार्रवाई की गई

**पड़रभटा गांव में हुई वारदात से क्षेत्र में मचा हड़कंप, आरोपी फरार**

## डीजे संचालक पर की फायरिंग, बाल बाल बची जान, पिस्टल छोड़कर भागे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़रभटा छिंदहाई गाँव में शनिवार की दरमियानी रात गोली चलने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि दो कारोबारियों के बीच पिछले कई महीनो से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था, जो अचानक ख़ूनी संघर्ष तक पहुंच गया। पड़रभटा छिंदहाई निवासी दुर्गा प्रसाद कोल डीजे साउंड सिस्टम का काम करता है उसका पड़ोसी गाँव लालपुर के एक टेंट कारोबारी से 6 से 7 हजार रूपये के लेनदेन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था।

शनिवार कि देर रात पांच युवक रूपये की वसूली के लिए दुर्गा कोल के घर पहुंचें!जिनमे कि इनमे से एक युवक के हाथ मैं पिस्टल भी थी। बहस के दौरान की गई फायरिंग - रुपयों की मांग को लेकर दोनों पक्षो के बीच बहस शुरू हो गई!इसी दौरान एक युवक ने पिस्टल से फायर कर दिया। गोली दुर्गा प्रसाद कोल को छूते हुए निकल गई, जिससे वह बाल बाल बच गया यदि गोली सीधे लग जाती तों बड़ा हादसा हो सकता था हालांकि फायरिंग के बाद पांचो आरोपी दहशत में अपनी पिस्टल मौके पर छोड़कर फरार हो गए।



घटना की सूचना मिलते ही स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश सुमन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचें। पुलिस ने मौके से ही एक पिस्टल बरामद की है, जिसमें पांच जिन्दा कारतूस मिले है। पुलिस के अनुसार, पिस्टल से केवल एक गोली चलाई गई थी। पुलिस के द्वारा गाँव में पूछताछ शुरू कर दी है ओर आरोपियों की तलाश की जा रही है। घायल दुर्गा प्रसाद कोल को जिला अस्पताल मैं भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका उपचार जारी है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी भी रात में ही जिला अस्पताल पहुंची ओर घायल से मुलाक़ात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी का कहना था कि मामले की जाँच की जा रही है ओर आरोपियों की पहचान कर जल्द ही इन्हे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## पर्यावरण संरक्षण एवं नशामुक्ति की दिलाई शपथ




म.प्र. जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर विकासखण्ड रीठी में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 4जुलाई से 12 अगस्त तक संचालित होने वाले एक पेड़ माँ के नाम, स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति अभियान तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक पेड़ माँ के नाम, नशामुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ लेते हुए अपने-अपने गांवों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा नशामुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक जगन सिंह मसराम, परामर्शदाता अरुण तिवारी , शिक्षक गणेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## डॉ. मुखर्जी के विचार भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आज भी पथप्रदर्शक : सांसद वीडी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वीं जयंती वर्ष के स्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन विवेकानंद सभागार में हुआ। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने मुखर्जी के प्रसिद्ध उद्घोष "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" का उल्लेख किया, विभाजन के समय पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने, तथा राष्ट्रीय अखंडता के लिए किए गए उनके संघर्ष को देश सदैव स्मरण करेगा उनका जीवन सिद्धांतों, साहस और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने डॉ मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ता और राष्ट्रभक्त के लिए पथप्रदर्शक बताया।



सांसद वीडी शर्मा ने विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की मांग पर माधवनगर में डॉ.मुखर्जी की स्मृति में एक हॉल बनाने के लिए सांसद कोटे से 25 लाख रुपए देने की घोषणा की । श्री वीडी शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी डॉ. मुखर्जी के विचारों और संकल्पों को साकार करने का कार्य कर रही है।

## डेढ़ लाख रूपये नगद सहित लाखों के जेवरात किये पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्लीमनाबाद बस्ती मैं आये दिन चोरी की घटनाये घटित हो रही हैं, लेकिन चोरों को पकड़ने मैं स्लीमनाबाद पुलिस नाकाम साबित हो रही हैं जिससे स्लीमनाबाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान उठ रहे हैं।

ताज़ा चोरी का मामला शनिवार की दरमियानी स्लीमनाबाद के बहोरीबंद रोड पर दुबे मोहल्ला का सामने आया जहाँ नरेंद्र हल्दकार के घर को सूना पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।



रात में दुबे कॉलोनी में निवासरत एडीईओ जे पी दीवान की नींद खुली तों उनके घर के सामने चोर प्रकाश हल्दकार के घर का ताला तोड़ रहे थे वैसे ही एडीओ ने चिल्लाया तों चोर से वहाँ भाग खडे हुए। पड़ोसी जाग उठे देखा गया कि नरेंद्र हल्दकार के घर का भी ताला टूटा हुआ हैं लेकिन घर में कोई नहीं हैं तों इसकी जानकारी नरेंद्र हल्दकार को दी गई। नरेंद्र हल्दकार ग्राम टगर (महगवा) निवासी हैं जो स्लीमनाबाद में अपना मकान बनाकर रह रहे हैं। शनिवार को परिवार सहित वो रिश्तेदारी में गए थे। रविवार की सुबह नरेंद्र हल्दकार जब घर पहुंचें तों उनके घर के दोनों ताला टूटे पड़े हुए थे।

नरेंद्र हल्दकार ने पुलिस को लिखित शिकायत मे बताया कि एक लाख 12 हजार रूपये नगद सहित एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक सोने का हार, एक चांदी की चैन, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी की अंगूठी, एक चांदी का डोरा चोरी गए हैं। पुलिस के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जाँच शुरू कर दी हैं!चोरो का दुबे मोहल्ला मैं दबिश देने की पूरी हकीकत सीसीटीवी फुटेज मैं सामने दिख रही हैं!पांच -छः लोग हैं जो मुँह पर कपड़ा बांधे हुए दिख रहे हैं।

### गश्ती पर उठ रहे सवाल

स्लीमनाबाद बस्ती सहित तिराहा मैं आये दिन चोरी की घटनाये घटित हो रही हैं साथ ही हाइवे में पेट्रोल -डीजल चोर गिरोह सक्रिय हैं लेकिन स्लीमनाबाद पुलिस के द्वारा चोरो को नहीं पकड़ा जा पा रहा हैं जिससे चोरो के हौसले बुलंद हैं। डायल 112 भी गश्त के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही हैं। पुलिस की नाकामी से रहवासियों मैं डर का माहौल बना हुआ हैं।

## 12 किमी टनल की खुदाई का कार्य मात्र 40 मीटर शेष

## नर्मदा जल से 6 जिलों में 1.85 लाख हेक्टेयर भू-क्षेत्र होगा सिंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कृषक कल्याण वर्ष में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार कों सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश के अनुक्रम में कटनी जिले के स्लीमनाबाद टनल की खुदाई का कार्य लगभग पूर्णता पर है। टनल की कुल लम्बाई 11.952 किलोमीटर में से अब मात्र 40 मीटर टनल का हीं खनन कार्य शेष है। तकनीकी तौर पर मशीन में यदि कोई व्यिवधान नहीं आता है, तो टनल खनन का कार्य 15 जुलाई तक पूर्ण कर लिए जाने की योजना है।

बरगी व्यपवर्तन परियोजना की दाई तट मुख्य नहर के किलोमीटर 104 से 116.865 किलोमीटर के मध्य निर्मित इस टनल का कार्य करीब डेढ़ दशक से चल रहा था। टनल की कुल लम्बाई 116.865 किलोमीटर से 129 किलोमीटर तक ओपन कैनाल रहेगी। इस कैनाल की जल प्रवाह क्षमता 152 क्यूमेक है जबकि टनल का डायमीटर 10.140 मीटर है। इस स्लीमनाबाद टनल के पूर्ण होने के बाद 1.85 लाख हेक्टयर भू क्षेत्र में सिचाई प्रस्तावित है।



नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव ने बताया कि अंचल के किसानों की समृद्धि और विकास की दिशा में स्लीमनाबाद टनल का निर्माण एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इस टनल के बनने से क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इस टनल से कटनी शहर की पेयजल की आपूर्ति के लिए भी पानी मिलेगा। इसके साथ ही जिले के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी इसका फायदा मिलेगा।

### ये जिले होंगे लाभान्वित

परियोजना से कटनीजिले का 21 हजार 823 हेक्टेययर, मैहर का 54हजार 227 हेक्टेयर, सतना का 1 लाख 4 हजार 970 हेक्टेकयर, पन्नो का 448 हेक्टोयर और रीवा का 3 हजार 84 हेक्टेनयर क्षेत्र सीधे लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही इन जिलों के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी इसका बड़ा फायदा मिलेगा।

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत जबलपुर स्थित बरगी बाँध से निकलने वाली स्लीममनाबाद की यह दाई तट मुख्य नहर (ट्रांस वेल्ली कैनाल ) प्रदेश की सबसे ज्यादा 227 क्यूमेक पानी डिस्चार्ज केयरिंग कैपेसिटी वाली नहर होंगी। इस टनल के वर्तमान में कुल लागत 1600 करोड़ रूपये से अधिक की हो गयी है। स्लीमनाबाद टनल के निर्माण की एजेंसी मेसर्स पटेल-एस.ई.डब्लूयू(संयुक्त उपक्रम) हैदराबाद है।

स्लीमनाबाद टनल अपनी पूर्णता के बाद पुण्य सलिला माँ नर्मदा की अमृत धारा सोन नदी से जुड़ जायेगी और इस प्रदेश के आधा दर्जन जिलों की भूमि की सिचाई और पेय जल का निमित्त बनेगी।

## जुहला बायपास में बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, महिला की मौत, एक अन्य गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत जुहला बायपास पर बीती शाम सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गोपाल नगर निवासी 40 वर्षीय हिमांशी पर्यानी अपने पड़ोसी ईश्वरलाल गेई के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक जुहला बायपास के समीप पहुंची, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर पीछे बैठी हिमांशी पर्यानी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ईश्वरलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने घायलों को पहचानते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराई और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल ईश्वरलाल को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही एनकेजे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत समीक्षा बैठक 8 जुलाई को

**कटनी।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी विकासखंड योजना में चयनित रीठी विकासखंड में विभिन्न संकेतकों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में बुधवार, 8 जुलाई को जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में 11 बजे से आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य,किसान कल्याण तथा कृषि,भूमि संरक्षण, पशुपालन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन एवं पशु चिकित्सा विभाग के जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को संकेतकों को संतृप्त करने हेतु निर्धारित एजेंडा के अनुसार विंडो 2.0 इनोवेटिव प्रोजेक्ट अंतर्गत अंतर्गत डीपीआर तैयार कर विभाग से संबंधित बिंदुवार अद्यतन प्रगति की जानकारी सहित निर्धारित समय एवं स्थान पर अधिकारियों को उपस्थित होने हेतु निर्देश दिए हैं। सुश्री कौर ने स्पष्ट किया है कि आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम की समीक्षा नीति आयोग भारत सरकार करती है इसलिए बैठक में समस्त अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने एबीपी फेलो को सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर 7 जुलाई तक जानकारी संकलित करने को कहा है।

### ठेलो में पिलाई जा रही थी शराब, हुई कार्रवाई



**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके के नेतृत्व में टीम द्वारा मदिरा दुकानों के आसपास संचालित अंडे के ठेलों की दुकानों पर दबिश दी गई। प्राप्त शिकायतों के आधार पर मदिरा दुकान बरगवा, झर्रा टिकुरिया एवं पुरैनी क्षेत्र में स्थित दुकानों के आसपास जांच की गई। कार्रवाई के दौरान कुछ ठेलों पर अवैध रूप से मदिरा पान कराते हुए पाया गया। उक्त मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36(ए) के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, प्रवीण रतन वरकड़े तथा आबकारी स्टाफ के आरक्षक राम सिंह, अनुराग शर्मा, किशन लाल, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी एवं बीना की सक्रिय भूमिका रही।

### कुर्म क्षत्रीय पटैल समाज की बैठक आयोजित



**कटनी।** कुर्मक्षत्रीय पटेल समाज कटनी की बैठक गत दिवस नदीपार में आयोजित की गई जिसमें प्रातीय पर्यवेक्षक द्वय नारायण सिंह एवं सूर्यनारायण पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। समाज के जिला अध्यक्ष का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया प्रस्ताव बिंदेश्वरी पटेल ने रिषीराम पटेल को पुनः जिला अध्यक्ष बनाए जाने की प्रस्ताव किया जिसे सर्वसम्मति से सभी के सहमति से ऋषीराम पटेल को पुनः 3 वर्ष के लिए समाज का जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। साथ ही युवा जिला अध्यक्ष संत राम पटेल को भी यथावत बने रहने की सहमति प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से ललित पटेल कुंजीलाल पटेल सुरेश पटेल डॉ बलराम पटेल रवि शंकर पटेल विष्णु पटेल विनय पटेल फूलचंद पटेल महेंद्र पटेल मथुरा प्रसाद पटेल मिट्ठू लाल पटेल हरशरण पटेल प्रकाश पटेल सरवन सिहपटेल संतोष पटेल शिवकुमार पटेल लखन लाल पटेल बाबूराम पटेल डॉक्टर विजय पटेल प्रदीप पटेल विजय पटेल गनपत पटेल सहित समाज के लोगो की उपस्थिति रही।

---

### प्रभारी मंत्री ने कहा जनहित के हर मुद्दे पर सरकार गंभीर, विकास कार्यों में नहीं चलेगी ढिलाई

# राहत की मंजिल निकटः 9 दिन में पूरा हो जाएगा टनल निर्माण कार्य, किसानों के लिये वरदान बनेगी परियोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि विकास का वास्तविक उद्देश्य केवल निर्माण कार्य पूर्ण करना नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाना है। शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुँचना चाहिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिले की विकास योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने विभागवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए कृषि, सिंचाई, शिक्षा, नगरीय विकास, सड़क सुरक्षा,और अधोसंरचना परियोजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि किसानों को डीएपी उर्वरक पर निर्भर रहने के बजाय अधिक पोषक तत्वों वाले एनपीके उर्वरक के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के लाभ बताए जाएं। आत्मा परियोजना, कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि सखियों के माध्यम से वैज्ञानिक खेती को जन-आंदोलन का रूप देने पर भी जोर दिया गया।



#### जल्दी पूरा होगा स्लीमनाबाद टनल खनन का कार्य

बैठक में बताया गया कि 12 किलोमीटर लंबी स्लीमनाबाद टनल परियोजना में केवल 44 मीटर खुदाई शेष है और 15 जुलाई तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने इसे समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह परियोजना कटनी, मैहर, सतना सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी और कृषि उत्पादन को नई दिशा देगी।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों में विशेष नामांकन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में 10 से कम छात्र संख्या है वहाँ के शिक्षक छात्रों का नामांकन दाखिला बढ़ाएं। इन स्कूलो की छात्र संख्या नहीं बढ़ने पर आस-पास के 1 किलोमीटर के दायरे के स्कूलो में मर्ज करने के निर्देश दिए।शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार विद्यालयों का नियमानुसार समायोजन किया जाए।

#### ब्लैक स्पॉट होंगे सुरक्षित

प्रभारी मंत्री ने लमतरा और पीरबाबा बायपास जैसे दुर्घटना संभावित स्थलों पर बेहतर संकेतक, सुरक्षा उपाय और आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पीरबाबा बायपास पर बड़े दिशा-सूचक बोर्ड तथा सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता पर बल दिया ताकि यात्रियों को सुविधा और सुरक्षा दोनों मिल सकें।

#### नशे के विरुद्ध चलायें अभियान, करें सख्त कार्रवाई

सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने जिले में युवाओं के बीच बढ़ती नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस विभाग को नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केवल पुलिस का विषय नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाए।

सांसद श्री शर्मा ने कटनी जंक्शन पर बाहरी आवागमन को देखते हुए होटल, लॉज और अन्य ठहरने वाले स्थानों की नियमित जांच एवं सत्यापन के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों एवं अपराधियों पर की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत की।

#### आधुनिक ट्रैफिक और स्वच्छ शहर की दिशा में पहल

सांसद श्री शर्मा ने शहर की यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण को और बेहतर बनाने पर बल दिया। नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बताया कि ट्रैफिक प्रबंधन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के स्थायी समाधान के लिए मैनिट, भोपाल के विशेषज्ञों के सहयोग से वैज्ञानिक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इससे कटनी को आधुनिक, स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), एएचपी, विकसित भारत-जी-रामजी योजना तथा जिले में निर्माणाधीन पुलों सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई और सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

---

### उद्योगति के साथ की गई मारपीट, कार को भी किया क्षतिग्रस्त

**कटनी।** शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति मुकेश गुप्ता पर कतिपय तत्वों ने जानलेवा हमला किया। हमलावरों ने मारपीट के साथ ही उनकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर सीधे माधवनगर थाने पहुंचे, जहां पुलिस मामले की जांच और प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, उद्योगपति मुकेश गुप्ता के स्वामित्व वाली एक कीमती जमीन विश्राम बाबा के पास स्थित है। सुबह जब वे अपनी कार से इस जमीन का मुआयना करने पहुंचे, तो वहां पहले से ही कई लोग लाठी-डंडों से लैस होकर घात लगाए बैठे थे। मुकेश गुप्ता ने बताया कि जैसे ही उनकी कार वहां रुकी, लाठी-डंडों से लैस युवकों ने अचानक उन पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने सबसे पहले कार के कांच फोड़ दिए और जैसे ही मुकेश गुप्ता गाड़ी से बाहर निकले, उनके साथ सीधे हाथापाई और मारपीट शुरू कर दी गई। हमले में मुकेश गुप्ता को कई गंभीर चोटें आई हैं। वे हमलावरों के चंगुल से किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागने में सफल रहे और सीधे माधवनगर थाना पहुंचे। उन्होंने पुलिस प्रशासन को घटना की पूरी आपबीती सुनाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

---

## जनजातीय छात्रावासों के विद्यार्थियों को बड़ी सौगात, छात्राओं को मिलेगा अधिक लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत देते हुए छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों की मासिक शिष्यवृत्ति राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। नई शिष्यवृत्ति दरें 1 जुलाई 2026 से लागू होंगी, जिससे प्रदेशभर के हजारों जनजातीय विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समाज के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और उनकी शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी कड़ी में छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले विद्यार्थियों की बढ़ती आवश्यकताओं और महंगाई को ध्यान में रखते हुए शिष्यवृत्ति की राशि में वृद्धि की गई है।

उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने यह भी निर्णय लिया है कि अब अनुसूचित जनजाति छात्रावासों एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति दरों का निर्धारण प्रत्येक वर्ष मार्च माह के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर किया जाएगा। संशोधित दरें प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में छात्रावास एवं आश्रम प्रारंभ होने के साथ स्वतः प्रभावी हो जाएंगी। इससे महंगाई के अनुरूप विद्यार्थियों को समय-समय पर आर्थिक सहायता मिलती रहेगी।

#### प्रोत्साहतन एवं शिक्षा को बढ़ावा

जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए नई शिष्यवृत्ति दरें निर्धारित की गई हैं। अब छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले बालक विद्यार्थियों को 1,720 रुपये प्रतिमाह तथा बालिका विद्यार्थियों को 1,770 रुपये प्रतिमाह शिष्यवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्राओं को अधिक राशि प्रदान करने का उद्देश्य उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है।

### शराब की अवैध बिक्री से आक्रोश

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहटा में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर रीठी थाने पहुंचीं और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए गांव में चल रहे अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीण महिलाओं ने स्पष्ट रूप से बताया कि गांव में लंबे समय से खुलेआम अवैध शराब का निर्माण और बिक्री जारी है। इस स्थिति के कारण कई परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और घरों का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है। महिलाओं के अनुसार, शराब के नशे में धुत पुरुष घर पहुंचकर विवाद और मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों का जीवन प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने यह भी बताया कि गांव का सामाजिक वातावरण लगातार खराब होता जा रहा है। साथ ही युवाओं और बच्चों के भी नशे की गिरफ्त में आने का खतरा बढ़ता जा रहा है, जिससे भविष्य को लेकर चिंता गहराती जा रही है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति और सुरक्षित माहौल स्थापित हो सके। थाना प्रभारी ने महिलाओं

### बावड़ी उत्सव कार्यक्रम में जल संरक्षण का लिया संकल्प



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा उमरियापान के टोला रोड स्थित प्राचीन बावड़ी में विकासखंड स्तरीय बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण एवं प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति के सदस्यों, सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाताओं एवं छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाई।दीवार लेखन किया।फूलों एवं झालरों से बावड़ी को आकर्षक ढंग से सजाया।इसके पूर्व बावड़ी में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। ढीमरखेड़ा विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तीनों चरणों में संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए जल स्रोतों के संरक्षण में जनभागीदारी को आवश्यक बताया। समाजसेवी राजेश चौरसिया ने प्राचीन बावड़ी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता बताई। विजय दुबे ने जल बचाने के व्यावहारिक उपाय साझा करते हुए प्रत्येक व्यक्ति से जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी बनाने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण एवं जल बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनिल मिश्रा, संदीप सोनी, प्रदीप चौरसिया, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

---

## जब्त मादक पदार्थों का कराया विनष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट एवं डिंडोरी जिलों में जब्त किए गए मादक पदार्थों का न्यायालय के आदेशानुसार एसीसी फैक्ट्री, कैमोर में विधिवत विनष्टीकरण किया गया।

पिछले कई महीनों के दौरान इन जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए थे। न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत इनका सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया गया।

विनष्टीकरण की कार्रवाई एसीसी फैक्ट्री, कैमोर के सीमेंट संयंत्र की भट्टी में की गई, जहां अत्यधिक तापमान पर मादक पदार्थों को क्रमवार जलाकर पूरी तरह नष्ट किया गया। पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए वीडियोग्राफी कराई गई तथा आवश्यक दस्तावेजीकरण भी किया गया। कार्रवाई के दौरान जबलपुर रेंज के अंतर्गत कटनी जिले का 236.865 किलोग्राम गांजा तथा जबलपुर जिले का 155.010 किलोग्राम गांजा नष्ट किया गया। इसके अलावा जबलपुर जिले के 106 न्यायालयीन प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों का भी विनष्टीकरण किया गया। अन्य जिलों में जब्त मादक पदार्थों का भी नियमानुसार निस्तारण किया गया।



इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक बालाघाट रेंज विनित कुमार जैन, पुलिस उप महानिरीक्षक छिंदवाड़ा रेंज मनोज सिंह, पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक जबलपुर संपत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर ऋषिकेश मीणा, पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी, पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक डिंडोरी आशीष खरे अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

## बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से निबटने के लिये निगम प्रशासन मुस्तैद

### शिकायतों के निराकरण के लिये आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा काल में नागरिकों को जलजमाव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व नियोजित रणनीति के तहत व्यापक स्तर पर व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही हैं। निगम प्रशासन के निर्देशन में शहर में प्रतिदिन नियमित सफाई व्यवस्था के साथ-साथ नाले-नालियों की सतत सफाई एवं सिल्ट हटाने का कार्य लगातार कराया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का प्रवाह बाधित न हो। इसके साथ ही त्वरित कार्य बल, आधुनिक संसाधनों एवं हाई-कैपेसिटी पंपों की सहायता से जल निकासी का कार्य युद्ध स्तर पर संचालित किया जा रहा है।

रविवार प्रातः हुई वर्षा के दौरान शहर के कुछ स्थानों पर जलजमाव की स्थिति निर्मित हुई। सूचना प्राप्त होते ही निगम की त्वरित कार्य बल टीम मौके पर पहुंची और स्वच्छता मित्रों तथा आवश्यक संसाधनों की सहायता से जल निकासी कर अल्प समय में स्थिति सामान्य कर दी गई।

#### शिकायतों का निराकरण

बारिश के दौरान बालाजी नगर, कटनी पब्लिक स्कूल एवं केडीसी कॉलेज के समीप, राणा होटल के पास रेलवे नाला, बरगवां डन कॉलोनी के सामने तथा उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित समदड़िया कॉलोनी एवं पोस्ट ऑफिस गली की प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया।

नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से नालों एवं नालियों की सफाई, गाद निकासी तथा अवरोध हटाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

इसके साथ ही जलभराव वाले प्रमुख स्थलों पर भारी क्षमता वाले डीजल एवं इलेक्ट्रिक पंप तैनात किए गए हैं, जिनके माध्यम से वर्षा जल को तीव्र गति से मुख्य ड्रेनेज लाइनों तक पहुंचाकर जलभराव की अवधि को न्यूनतम किया जा रहा है। विशेष कार्यबल द्वारा मैनहोल एवं नालियों के मुहाने पर फंसे प्लास्टिक कचरे, सिल्ट एवं अन्य अवरोधों को तत्काल हटाकर जल निकासी को निर्बाध बनाए रखा जा रहा है।

#### सूचना पर तत्काल कार्यवाही

नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम का 24×7 आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम भी सक्रिय है। जलजमाव की सूचना प्राप्त होते ही निकटतम टीम को तत्काल मौके पर भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वर्षा के दौरान नालियों एवं ड्रेनेज सिस्टम में कचरा, प्लास्टिक अथवा अन्य अपशिष्ट न डालें तथा शहर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन का उद्देश्य वर्षा काल के दौरान जलजमाव की अवधि को न्यूनतम रखते हुए नागरिकों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन उपलब्ध कराना है।

---

### अब तक 53 से अधिक खतरनाक टहनियों की कराई जा चुकी ट्रिमिंग

## आंधी-बारिश के दौरान बिजली संबंधी हादसे रोकने पेड़ों की छंटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही तेज आंधी-तूफान से होने वाली दुर्घटनाओं और अघोषित बिजली कटौती से शहरवासियों को निजात दिलाने के लिए नगर पालिक निगम कटनी द्वारा जन सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए शहर के मुख्य मार्गों पर युद्धस्तर पर वृक्षों की खतरनाक शाखाओं को छांटने (ट्रिमिंग) का सघन अभियान चलाया जा रहा है।

निगम की उद्यान और विद्युत शाखा की टीम द्वारा इस अभियान के तहत अब तक बरगवां से पीरबाबा मुख्य मार्ग समेत शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में विद्युत लाइनों के ऊपर मंडरा रहे 53 से अधिक खतरनाक पेड़ों की टहनियों को काटा जा चुका है।

निगम प्रशासन की यह समय पूर्व प्रारंभ की गई यह कार्यवाही दोहरी सुरक्षा प्रदान करेगी। अक्सर देखा जाता है कि मानसून की पहली बारिश और आंधी में पेड़ों की सूखी या भारी शाखाएं टूटकर घरेलू बिजली के तारों पर गिर जाती हैं। इससे न केवल आवागमन बाधित होता है बल्कि शॉर्ट-सर्किट, तार टूटने और पोल गिरने का खतरा रहता है बल्कि घंटों बिजली गुल रहने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। निगम की इस तार्किक पहल से इन दोनों ही समस्याओं पर एक साथ अंकुश लग सकेगा ।

#### खतरे को पहचान कर की जा रही है कार्रवाई

निगम प्रशासन द्वारा एक सोची-समझी रणनीति के तहत चलाए जा रहे इस अभियान में उद्यान विभाग और विद्युत शाखा के संयुक्त दल द्वारा शहर के संवेदनशील और जोखिम भरे पॉइंट्स को चिन्हित किया जा रहा है। जो शाखाएं तारों से छू रही हैं, बहुत ज्यादा झुक चुकी हैं या पूरी तरह सूख चुकी हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ हटाया जा रहा है ताकि बारिश शुरू होने से पहले पूरा शहर सुरक्षित हो सके।



निगम प्रशासन ने जनता से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि आपके घर, दुकान या प्रतिष्ठान के आसपास कोई खतरनाक, जर्जर वृक्ष या उसकी भारी शाखा विद्युत लाइन के ऊपर झुकी हुई दिखाई दे, तो तत्काल इसकी सूचना कंट्रोल रूम नंबर 07622-231772 पर कॉल कर सकते हैं या संबंधित वार्ड कार्यालय में इसकी जानकारी दे सकते हैं।

#### बरसात में बरतें सावधानी

वर्षा ऋतु के दौरान तेज आंधी, तूफान और लगातार बारिश के कारण विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, कटनी ने आम नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग का कहना है कि बरसात के मौसम में थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। कार्यपालन अभियंता श्री मुकेश महोबे ने नागरिकों से अपील की है कि विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर तथा हाईटेंशन एवं एलटी विद्युत लाइनों से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें। अपने पालतू पशुओं को भी बिजली के खंभों या स्टे वायर से न बांधें। बारिश के दौरान गीले हाथों अथवा नंगे पैर किसी भी विद्युत उपकरण, तार या स्विच बोर्ड को न छुएं। जलभराव वाले स्थानों पर बिजली के खंभों के पास जाने से बचें तथा ऐसे स्थानों पर रखे विद्युत उपकरणों का उपयोग न करें। उन्होंने बताया कि घरों की छत या दीवारों से पानी का रिसाव, खराब या पुरानी वायरिंग, ढीले कनेक्शन तथा कमजोर अर्थिंग के कारण करंट फैलने का खतरा रहता है। इसलिए समय-समय पर किसी प्रमाणित इलेक्ट्रीशियन से घरेलू वायरिंग और अर्थिंग की जांच अवश्य कराएं।

---

## वन अधिकार दावों के त्वरित निराकरण के लिये ग्रामों में आयोजित होंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र शासन के जनजाति कार्य विभाग के निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत पुनः परीक्षण लंबित, नवीन व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन प्रबंधन के अधिकार के दावों का त्वरित निराकरण किये जाने हेतु 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक चरणबद्ध एवं समयबद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिले में इस अभियान के प्रभावी संचालन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति के सचिवों को ग्राम स्तर पर अभियान चलाकर एवं शिविर आयोजित कर दावों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

अभियान के अंतर्गत एमपी एफआरए पोर्टल पर सभी दावेदार स्तर, ग्राम वन अधिकार समिति (FRC) स्तर पर एवं उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति (SDLC) स्तर पर लंबित समस्त व्यक्तिगत एवं सामुदायिक नवीन एवं पुनरीक्षित वन अधिकार दावों पर चरणबद्ध निराकरण किया जाएगा। ग्रामों में आयोजित शिविरों के माध्यम से दावेदारों के मूल दस्तावेजों की जांच होगी और आवश्यक पूछताछ के उपरांत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रकरण जिला स्तरीय वन अधिकार समिति, कटनी को प्रेषित किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को सामुदायिक वन प्रबंधन एवं प्रबंधन के दावों (ऑनलाइन) तैयार कराकर संबंधित पंजानुसार कार्यवाही पूर्ण कर कार्यालय अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य जिला कटनी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### अंगद की तरह पैर जमाकर बैठा आबकारी इंस्पेक्टर मुकेश पांडे

**अमानगंज।** पन्ना जिले के ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब के कारोबार को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी विभाग की निष्क्रियता के कारण गांव-गांव अवैध शराब खुलेआम बिक रही है और हंसते-खेलते परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच रहे हैं। ताजा मामला अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भटवा का है, जहां ग्राम बलगहा निवासी तंशा आदिवासी ने पुलिस को सूचना दी कि उनके भतीजे प्रभु आदिवासी ने महानीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार वह शराब पीने का आदी था और आशंका है कि नशे की हालत में उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। इधर क्षेत्र में यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि आबकारी इंस्पेक्टर मुकेश पांडे लंबे समय से एक ही क्षेत्र में पदस्थ हैं और शराब माफियाओं से कथित सांठगांठ के चलते अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और न ही इस संबंध में विभाग का पक्ष सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अवैध शराब के कारोबार पर समय रहते कठोर कार्रवाई की जाती, तो कई परिवारों को बर्बादी से बचाया जा सकता था। क्षेत्रवासियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन 6 जुलाई को, संगठन सुदृढ़ीकरण पर होगा मंथन

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी जिला पन्ना द्वारा संगठन के विस्तार एवं कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन के उद्देश्य से सोमवार, 6 जुलाई 2026 को दोपहर 2 बजे टाउन हॉल, पन्ना में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन संगठन शिल्पी, प्रखर शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक स्तंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के अवसर पर चल रहे स्मरण पखवाड़ा (23 जून से 6 जुलाई) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि खजुराहो सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा होंगे। कार्यक्रम में पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संगठन प्रभारी सतानंद गौतम, गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा, पवई विधायक प्रह्लाद सिंह लोधी, जिला संगठन प्रभारी जाहर सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्र ने जिले के सभी प्राथमिक, सक्रिय एवं सहयोगी सदस्यों सहित मंडलों और मोर्चों के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। सम्मेलन में संगठन की आगामी कार्ययोजना, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, संगठनात्मक मजबूती तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। भाजपा ने इसे जिले के संगठनात्मक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण आयोजन बताया है, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहने की संभावना है।

### भाजपा मंडल की मासिक बैठक संपन्न

**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अमानगंज की मासिक बैठक रविवार, को स्थानीय साईं मंडपम में आयोजित की गई। बैठक में मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, शक्ति केंद्र की टोली, पंच परमेश्वर तथा समस्त बूथ अध्यक्षों ने सहभागिता की। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी श्री जगदीश पटेल रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम की दिशा में प्रभावी पहल

# चिन्हित 7 ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

पुलिस द्वारा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के चिन्हित 7 ब्लैक स्पॉट का पूर्व में शुक्रवार को संयुक्त निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण उपरांत संबंधित विभागों एवं एजेंसियों को आवश्यक सुरक्षा एवं सुधारात्मक कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के पालन में अब सभी चिन्हित स्थलों पर सुरक्षा संबंधी कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि संयुक्त निरीक्षण के दौरान नाग बाबा मंदिर, बम्हौरी तिराहा, ठाकुर ढाबा से बड़ी खेर माता मंदिर मार्ग, भोड़ी मंदिर तिराहा, नरगुआ टेक, 27 मील चौराहा एवं पण्डा बाबा मंदिर सहित






सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट का स्थल निरीक्षण कर दुर्घटना की संभावनाओं का सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया था। इसके आधार पर एमपीआरडीसी रोड एजेंसी एवं मेंटेनेंस एजेंसी को शॉर्ट टर्म रेक्टिफिकेशन के अंतर्गत आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल लागू करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के अनुरूप अब संबंधित एजेंसियों द्वारा विभिन्न स्थलों पर चेतावनी एवं गति सीमा संकेतक बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही कैट आई, रोड मार्किंग, रिफ्लेक्टर, साइड शोल्डर का भराव, मोड़ों पर शेवरॉन साइन बोर्ड की स्थापना तथा सड़क किनारे दृश्यता बाधित करने वाले का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। सड़क पर रंबल स्ट्रिप तैयार करने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है, जिससे वाहन चालकों को संभावित दुर्घटना क्षेत्रों के प्रति समय रहते सतर्क किया जा सके। विशेष रूप से बम्हौरी तिराहा एवं 27 मील चौराहा पर रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने के लिए हाई-मास्ट एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में भी संबंधित एजेंसी द्वारा आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

**इनका कहना--** नगर निरीक्षक सरोज ठाकुर ने कहा है कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी वाहन चालकों से अपील की गई है कि निर्धारित गति सीमा का पालन करें, यातायात नियमों का सम्मान करें, संकेतकों का अनुसरण करें तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन अपनाकर दुर्घटनाओं की रोकथाम में अपना सहयोग प्रदान करें। आगामी समय में भी सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों की सतत निगरानी एवं समीक्षा की जाती रहेगी, जिससे आमजन को सुरक्षित यातायात वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## मां की साधना से मानव जीवन बदल सकता: जिला अध्यक्ष



**बटियागढ़।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक माह की भांति इस माह भी माह के प्रथम रविवार को मासिक महाआरती का आयोजन संपन्न हुआ। आरती का शुभारंभ सुबह 11:00 से किया गया जिसका समापन 12:00 बजे किया। आरती में बैठने वाले मां भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव श्री मां भगवती व गुरुवर श्री जी की आरती की। तत्पश्चात समस्त शक्तियों की जय घोष करते हुए शंख ध्वनि की संगठन के पदाधिकारी द्वारा उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। नशा मुक्त मांसाहार मुक्त चरित्रवान चेतनावान जीवन जीने को प्रेरित किया संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश तोमर द्वारा बताया गया प्रत्येक व्यक्ति का जीवन बदल सकता है। यदि सुबह शाम मां की साधना करते हैं अपने घरों में तो निश्चित रूप से उनका जीवन बदल जाएगा। वर्तमान में मां की साधना से आरती चालीसा पाठ के माध्यम से करोड़ों लोगों के घरों में मां की ज्योति जल रही है सुख शांति समृद्धि पूर्ण जीवन जी रहे हैं हमारा संगठन का उद्देश्य है कि जिन समाज के लोगों को समाज दूर कर दिया उन्हें के सहारे बना करते हैं उन्हीं को आगे बढ़ाना है सभी एक भाव से बैठते हैं कोई भेदभाव नहीं रखते हमारे संगठन का उद्देश्य है एक ना एक दिन समाज को नशा मुक्त बनाकर ही रहेंगे। आयोजन पार्टी के जिला अध्यक्ष दशरथ सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया अंत में समस्त लोगों को निःशुल्क शक्तिजल प्रसाद वितरण किया।

## पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई, एक ही दिन में तीन प्रकरण दर्ज

तेंदूखेड़ा। नगर एवं क्षेत्र में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक सरोज ठाकुर के नेतृत्व में तेंदूखेड़ा पुलिस द्वारा शनिवार को अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर तीन अलग-अलग स्थानों पर प्रभावी कार्रवाई की गई।

पहली कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने एक आरोपी के कब्जे से लगभग 5 लीटर कच्ची शराब बरामद कर जब्त की तथा संबंधित आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया। दूसरी कार्रवाई में एक अन्य स्थान से 50 पाव देशी मदिरा बरामद कर जब्ती की कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध पृथक अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी क्रम में शनिवार रात्रि के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक बोलेरो वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 97 पाव देशी एवं मसाला शराब बरामद की गई। पुलिस ने वाहन सहित अवैध शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत अलग से प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

नगर निरीक्षक सरोज ठाकुर ने कहा कि तेंदूखेड़ा नगर एवं क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार सघन अभियान चला रही है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर एवं निरंतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

### बूझो जानो फिर देखो अपना प्रदेश की क्विज होगी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के मार्गदर्शन में 7 अगस्त को ₹बूझो जानो फिर देखो अपना प्रदेश₹ की जिला स्तरीय क्विज का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। पर्यटन क्विज-2026 क्विज में पूछे जाने वाले प्रश्न मध्य प्रदेश के पर्यटन, कला, संस्कृति, धार्मिक, प्राकृतिक परिवेश और ऐतिहासिक संवर्धन पर आधारित होंगे। जिला स्तर पर प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित शीर्ष 06 टीमों के मध्य द्वितीय चरण में 'ऑडियो-विजुअल मल्टीमीडिया' आधारित क्विज का आयोजन किया जाएगा। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों को पर्यटन के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक जिले की प्रथम तीन विजेता टीमों को मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की होटलों में 2 रात्रि एवं 3 दिवस के निःशुल्क पर्यटन भ्रमण का कूपन प्रदान किया जाएगा। अगली तीन उपविजेता टीमों को 1 रात्रि एवं 2 दिवस के निःशुल्क पर्यटन भ्रमण का कूपन दिया जाएगा। इन कूपनों के अंतर्गत विद्यार्थियों के आने-जाने, आवास, भोजन तथा स्थानीय भ्रमण का संपूर्ण व्यय मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा वहन किया जाएगा। मध्य प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक संपदा और पर्यटन की असीम संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 'पर्यटन क्विज-2026' का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय इस क्विज में भाग लेने के लिए विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन 01 से 25 जुलाई 2026 तक शाम 5:30 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। इस क्विज में प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई एवं केंद्रीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं सहभागिता कर सकते हैं।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक रविवार को भाजपा जिला कार्यालय दमोह में आयोजित कि गई। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी रविन्द्र लोधी, प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सागर संभाग सह प्रभारी जमुना सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष भोला सराफ , नगर परिषद पथरिया अध्यक्ष सुंदर लाल विश्वकर्मा मंचासीन रहे। जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रम की चर्चा और प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के आगामी दमोह आगमन के पूर्व तैयारियों पर चर्चा हुई।

बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पुष्टाहार से किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन करें और संगठन को और




अधिक सशक्त बनाएं। रविन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा की रीढ़ है। हमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौर ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा को समाज के हर वर्ग के बीच जाकर भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करना चाहिए और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए अनुशासन और सक्रियता अत्यंत आवश्यक है। सभी कार्यकर्ता मिलकर लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्य करें। प्रदेश उपाध्यक्ष जमुना सेन ने कहा कि प्रत्येक वर्ग की भागीदारी बढ़ाना भी हमारी प्राथमिकता है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के दिए दायित्व और कार्यों को पूर्ण कर्तव्य निष्ठा से करने तैयार हैं। यह आश्वासन देता है कि प्रदेशाध्यक्ष जी के आगमन पर दमोह में भव्य कार्यक्रम होगा।

बैठक में सभी पदाधिकारियों को संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान एवं आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन रीतेश सोनी एवं आभार प्रदर्शन अभिषेक राय ने प्रकट किया।

## ग्रामीण मंडल हटा की मासिक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

भाजपा ग्रामीण मंडल हटा की मासिक कामकाजी बैठक रनेह में आयोजित की गई। प्रतिमास होने वाली बैठक में भाजपा हाई कमान के दिशा निर्देशन में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को बिंदु बार जानकारी देते हुए पार्टी की चल रही विकासकारी योजनायें आमजन के लिए चलाई जा रही हितकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने की अपील की गई। बैठक में प्रमुख रूप से मंडल प्रभारी करण सिंह, मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल, विधानसभा संयोजक लक्ष्मण तिवारी, मयंक कोरी सदस्य प्रदेश कार्य समिति, बृजेंद्र अहिरवार जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा, मनीष तंतुवाय जिला पंचायत सदस्य, डॉ रामनारायण कुसमया, विश्वनाथ नगायच, रणधीर दाहिया, संतोष अठया, श्याम नायक, श्रीकांत तिवारी, गुड्डन पांडे, सुरेंद्र सिंह, नन्नू राय, नेता राम पटेल, बृजेश पटेल, राजेश पटेल, रोशन अहिरवार, रत्नेश यादव की उपस्थिति रही।

## सड़क सुरक्षा अभियान जेके सीमेंट ने नुक्कड़ नाटक से जगाई जागरूकता
## पुरैना और पगरा में उमड़ी भीड़, ग्रामीणों ने ली सुरक्षा की शपथ

अमानगंज।

सामाजिक सरोकारों में अग्रणी जेके सीमेंट द्वारा अपनी सीएसआर पहल के तहत क्षेत्र के 30 गांवों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 5 जुलाई 2026 को पुरैना और पगरा गांवों में आकर्षक नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और वाहन चालक एकत्रित हुए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने मनोरंजन के साथ-साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के जरूरी नियम समझाए। नाटक में दिखाया गया कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करना कितना आवश्यक है। कलाकारों ने बताया कि चालकों की थोड़ी सी सजगता से उनका




परिवार और पूरा समाज सुरक्षित रह सकता है।कार्यक्रम के दौरान जेके सीमेंट के प्रतिनिधियों ने कहा, ष्सड़क सुरक्षा सिर्फ एक नियम नहीं, बल्कि अपनों की मुस्कान की गारंटी है। जेके सीमेंट इस अभियान के जरिए सभी 30 गांवों के हर घर तक सुरक्षा का यह सकारात्मक संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में पूरे जोश के साथ ग्रामीणों और वाहन चालकों ने श्सड़क सुरक्षा नियम पालनश की सामूहिक शपथ ली। उपस्थित लोगों ने नाटक की सराहना की और इसे जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया। जेके सीमेंट का यह अभियान क्षेत्र के अन्य गांवों में भी चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का सेवा सप्ताह आरंभ




**हटा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग बजरंग दल के तत्वाधान में सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके प्रथम दिवस श्री रामाराव नायडू श्री राम गौशाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के अनेक पदाधिकारी भाई एवं साथी उपस्थित रहे। सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस वृक्षारोपण किया गया एवं आगामी सप्ताह के प्रत्येक दिवस अलग-अलग कार्यक्रम तय किए गए। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री एवं पूर्ण कालिक द्वारका जी भाई साहब संगठन के जिला उपाध्यक्ष बबलू राय जिला उपाध्यक्ष राजेश पटेरिया जी जिला संयोजक गोलू चौबे जी जिला सहसंयोजक अजय चौरसिया राघवेंद्र खटीक सुनील सोनी हेमंत प्रजापति सुभाष जेन बबलू भाटिया दुर्गा बहनों में राजवी पटेरिया याची शर्मा सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सहयोगी साथी उपस्थित रहे।

# झलौन रेंज में फिर कटा बेशकीमती सागौन
# छह माह पहले की कार्रवाई पर फिर उठे सवाल

तेंदूखेड़ा।

उपवन मंडल तेंदूखेड़ा के अंतर्गत वन परिक्षेत्र झलौन की बीट के कक्ष क्रमांक 149 में एक बार फिर बेशकीमती सागौन के पेड़ की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। धनेटा कुटी मंदिर से लगभग 100 मीटर अंदर स्थित सागौन का पेड़ काटे जाने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और प्रकरण दर्ज कर पेड़ की नंबरिंग की। मामले में पीओआर क्रमांक 715/1 दर्ज किया गया है तथा लकड़ी को शनिवार को ही तेंदूखेड़ा डिपो भेज दिया गया।यह वही वन क्षेत्र है, जहां दिसंबर 2025 को भी सागौन की अवैध कटाई का मामला सामने आया था। उस समय सात सागौन की सिल्लियां जब्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय में रखवाई गई थीं। बाद में दो सिल्लियों के गायब होने का आरोप लगा था। समाचार प्रकाशित होने के बाद डीएफओ ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में सातों सिल्लियां डिपो में जमा होना तो पाया गया, लेकिन दो सिल्लियों की चोरी की पुष्टि होने पर तत्कालीन डिप्टी रेंजर शंकर सिंह एवं




वनरक्षक महबूब खान से वसूली की बात कही गई थी। संबंधित अधिकारियों को नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन लगभग छह माह बाद भी किसी ठोस विभागीय कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। शुक्रवार तक पेड़ सुरक्षित था, जबकि शनिवार सुबह वह आरा मशीन से कटा हुआ मिला। रविवार को क्षेत्रीय संवाददाता द्वारा मौके का निरीक्षण करने पर भी पेड़ आरा मशीन से काटा जाना स्पष्ट दिखाई दिया। इससे पेड़ के हवा से गिरने संबंधी प्रारंभिक दावा सवालों के घेरे में आ गया।वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मसीह ने बताया कि पेड़ पहले आरा से काटा गया था, बाद में गिर गया। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वास्थ्य कारणों से उपचार के लिए आया हू। वहीं, उपवन मंडल अधिकारी प्रतीक दुबे से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं

### नगर परिषद से सुधार की मांग

# पहली बारिश में ही मुख्य बाजार में कीचड़ और जलभराव, व्यापारी और राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



पहली ही बारिश ने नगर परिषद पटेरा की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। मुख्य बाजार में पानी की समुचित निकासी नहीं होने से सड़क पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन गई है, जिससे राहगीरों, स्थानीय व्यापारियों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मुख्य बाजार में प्रतिदिन सब्जी विक्रेताओं सहित अनेक व्यापारी नगर परिषद की दुकानों में अपना कारोबार करते हैं। लेकिन नालियों से पानी की निकासी नहीं होने के कारण बारिश का पानी मुख्य सड़क पर बह रहा है, जिससे पूरे बाजार में कीचड़ और जलभराव फैल गया है।बाजार के सामने ही नगर परिषद द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए सार्वजनिक प्रसाधन (शौचालय) बनाया गया है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए लोगों को कीचड़ और पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इससे लोगों के कपड़े खराब हो रहे हैं और आवागमन भी मुश्किल हो गया है।स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि समस्या से राहत पाने के लिए उन्होंने अपने खर्च पर मुरम और गिट्टी (चचरा) डलवाकर रास्ता सुधारने का प्रयास किया, लेकिन लगातार बारिश के कारण यह व्यवस्था भी कारगर साबित नहीं हो सकी।नगरवासियों और व्यापारियों ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) से जल्द जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने, नालियों की सफाई कराने तथा मुख्य बाजार को जलभराव और कीचड़ से मुक्त कराने की मांग की है, ताकि लोगों को आवागमन और व्यापार में होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।

### कीचड़ और जलभराव से परेशान ग्रामीणों का अनोखा प्रदर्शन

# ग्रामीणों ने कीचड़ में खड़े होकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



जिले के बटियागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत फुटेरा कला में बारिश के बाद मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण कीचड़ भरे रास्ते में खड़े होकर प्रशासन और पंचायत का ध्यान अपनी समस्या की ओर आकर्षित किया। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश होते ही बस्ती के मुख्य मार्गों पर पानी भर जाता है, जिससे सड़कें कीचड़ और गंदगी से पट जाती हैं।

सबसे अधिक परेशानी फुटेरा बस स्टैंड से बकायन मुख्य मार्ग पर होती है, जहां से गुजरने वाले वाहनों के कारण कीचड़ दुकानों और घरों तक पहुंच जाता है।

सड़क के दोनों ओर रहने वाले लोगों और दुकानदारों का कहना है कि कीचड़ के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। दोपहिया, चारपहिया और बसों के निकलने में भी भारी दिक्कत होती है, वहीं राहगीरों को फिसलने और दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। लगातार अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने कीचड़ में उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत तथा जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# किसान बंधु जैविक एवं प्राकृतिक खेती कर मृदा एवं पर्यावरण प्रदूषण को बचाएं - सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

5 जुलाई 2026 दिन रविवार को बगिया परिसर हिंडोरिया विकासखंड दमोह में माननीय सांसद-दमोह राहुल सिंह के मुख्य आतिथ्य में कृषक संवाद एवं निःशुल्क मिनी किट बीज वितरण का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष महाराज सिंह लोधी, जनपद सदस्य नरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष माननीय देवेंद्र सिंह ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि माननीय जगदीश अग्रवाल आहित भारी संख्या में कृषकों की उपस्थिति रही। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी द्वारा किसान बंधुओ से आह्वान किया कि,किसान बंधु जैविक एवं प्राकृतिक खेती कर मृदा एवं पर्यावरण प्रदूषण को बचाएं तथा मिनी किट का उपयोग बीज बनाने के लिए करें रासायनिक खेती से कैंसर जैसी गंभीर समस्याएं हो रही हैं इस बारे में सभी किसान बांधों को चिंतन करने की आवश्यकता है भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार किसानों के हित के लिए हमेशा दृढ़ संकल्पित है। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री माननीय गोपाल पटेल द्वारा किसानों से संवाद के दौरान कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध है किसान बंधु किसी भी प्रकार की चिंता ना करें किसान बंधु संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करें एवं मिनी किट का उपयोग बीज बनाने के लिए करें। कार्यक्रम में स्वागत भाषण में उपसंचालक कृषि जे.एल. प्रजापति द्वारा अवगत कराया गया की आत्मनिर्भरता दलहन मिशन योजना अंतर्गत निशुल्क उड़द एवं अरहर के मिनी किट का वितरण किया जा रहा है उड़द की किस्म पी.यू- 09 लगभग 70 से 75 दिन में पक कर तैयार हो जाती है तथा इस किस्म में पीला मोजेक रोग एवं पत्ती धब्बा रोग नहीं लगता है साथ ही अरहर की भीमा किस्म उखटा(बिल्ट) रोग एवं स्टेरलिटी मोजैक रोग के लिए प्रतिरोधक किस्म है जो मिनी किट के रूप में वितरण की जा रही है इसका उपयोग किस बंधू बीज बनाने के लिए करें और अगले वर्ष इस बीच का प्रयोग स्वयं एवं अन्य किसानों के लिए उपयोग करने के लिए भी दे सकते हैं। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दमोह आर.के. जैन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पटेरा डी. के. साहू विकासखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा दमोह शैलेंद्र पौराणिक एवं कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेत से निकले नाला में गिरने से 35 वर्षीय युवक की हुई मौत

**झलौन।** खेत में काम कर रहे 35 वर्षीय युवक का संतुलन बिगड़ जाने के चलते नाला में जा गिरा पानी में डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भानुप्रताप पिता प्रभुदयाल पटैल निवासी मगदुपुरा सेहरी मगदुपुरा के बीच में बने खेत में शाम 4 बजे कार्य कर रहा था भानु के खेत से डहरा नाला निकला हैं। कार्य के दौरान संतुलन बिगड़ जाने से नाला में जा गिरा। परिजनों ने बताया कि हम लोग खेत पर पहुंचे तो भानु दिखा नहीं नाला में जाकर देखा तो भानु की तौलिया नाला के पानी दिखी उसके बाद नाला में तलाश करने पर भानु मिला। परिजन नगर के स्वास्थ्य केंद्र लेकर जहां पर डांक्टर ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया हैं मामले की जांच की जा रही हैं।

## जैन युवा महासंघ की जिनालय परिक्रमा का प्रथम चरण पूर्ण



**दमोह।** आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं श्री समर सागर जी के मंगल आशीर्वाद एवं नगर में विराजमान मुनि श्री पदम सागर एवं छुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी की मंगल प्रेरणा से दिगंबर जैन युवा महासंघ द्वारा प्रारंभ की गई साप्ताहिक जिनालय परिक्रमा का प्रथम दौर रविवार को पूर्ण हो गया। अगले सप्ताह से वृद्धि दर प्रारंभ होगा जिसमें एक सप्ताह शहर के मंदिर तथा दूसरे सप्ताह ग्रामीण क्षेत्र के मंदिर में पहुंचकर जिन अभिषेक पूजन अर्चन करेंगे। दिगंबर जैन युवा महासंघ के द्वारा दमोह नगर में स्थित सभी दिगंबर जैन जिनालय में बारी-बारी से प्रत्येक रविवार को पहुच कर श्रीजी का अभिषेक पूजन शांति धारा करने की शुरुआत 8 फरवरी2026 से की गई थी। एक माह में चार जैन मंदिर पहुंचकर पूजन अभिषेक करने की श्रृंखला में लगभग 5 माह में प्रथम चरण की पूजन परिक्रमा रविवार 6 जुलाई को कंप्लीट हो गई। अब दूसरी परिक्रमा चालू हुई जिसमें एक सप्ताह लोकल जिनालय और एक सप्ताह आसपास के जिनालय जाने का क्रम रहेगा। श्री जिनालय साप्ताहिक परिक्रमा क्रम में प्रत्येक रविवार को अलग-अलग मंदिर पहुंचकर पूजन अभिषेक करने वाली श्रावको में मनीष जैन आउटलुक, नरेंद्र मयूर, दीपक बमोरया, प्रकाश वसुंधरा, सौरभ भारिल्य, अतुल शीशम वाला, महेंद्र फोटो, संजय सिंघई, जितेंद्र नायक, सुनील बडेराय, केशर जैन, हर्ष जैन, दीपक जैन, कुलदीप जैन, अंकित टड़ा, आशीष गंगरा, बंटू गांगरा, डॉ रजनीश गांगरा, आशीष बलेह, अमित बांसा, राकेश दसोंदा, मनीष राजश्री, स्वप्निल, संदीप सहारा सहित अन्य युवा शामिल रहे। इनके द्वारा भक्ति भाव से प्रथम चरण में दमोह शहर के सभी जिनालय में बारी-बारी से पहुंच कर श्री जी के दर्शन पूजन अभिषेक शांति धारा करके सबका मंगल हो जग का मंगल हो की भावना की गई। समाज के वरिष्ठ जनों तथा विभिन्न संगठनों के द्वारा जिनालय परिक्रमा के संकल्प की प्रशंसा करते हुए सभी के पुण्य की अनुमोदना की गई।

# सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने गत दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र समन्ना, उप स्वास्थ्य केंद्र लुहर्रा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदकपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिंडोरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, गर्भवती महिलाओं के नियमित फॉलोअप, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर, मौसमी बीमारियों की तैयारियों तथा स्वास्थ्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के समयबद्ध फॉलोअप एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता के निर्देश डॉ. राय ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पंजीकृत गर्भवती का समय पर फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाएँ एवं सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें तथा वर्षा ऋतु को देखते हुए स्वास्थ्य संस्थाएँ किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने ऑनलाइन उपस्थिति के साथ संस्थाओं में ऑफलाइन उपस्थिति पंजी भी नियमित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, गर्भवती महिलाओं के नियमित फॉलोअप, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर, मौसमी बीमारियों की तैयारियों तथा स्वास्थ्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

उपचार उपरांत संक्रमण नियंत्रण एवं बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन के दिए निर्देश

आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र समन्ना में निरीक्षण के दौरान आयरन सुक्रोज थेरेपी पूर्ण होने के बाद प्रयुक्त आई.वी. सेटधड्रिप सामग्री का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निस्तारण (डिस्कार्ड) नहीं किया जाना पाया गया। इस पर डॉ. राय ने संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को संक्रमण नियंत्रण एवं बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन के मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए उपचार उपरांत प्रयुक्त सामग्री का तत्काल डिस्कार्ड सुनिश्चित करने तथा भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न होने के निर्देश दिए।

प्रसव सेवाओं एवं उपचार व्यवस्थाओं का लिया जायजा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांदकपुर में प्रसव कक्ष, प्रसवोत्तर कक्ष, औषधि कक्ष एवं एनसीडी कक्ष का निरीक्षण कर हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं मरीज-केंद्रित बनाने के लिए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए।

निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण, शीघ्र संचालन के निर्देश

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिंडोरिया में आमजन की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सुविधाओं के विस्तार के लिए साइंस हाउस द्वारा निर्मित किए जा रहे भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर भवन को जल्द से जल्द जनसेवा के लिए प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# 407 वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, हादसे के बाद वाहन पलटा





**तेजगढ़।** जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कंसा गांव के समीप रविवार सुबह करीब 11 बजे एक 407 वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरा, जबकि 407 वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार घायल देबू खटीक (30), पिता जगदीश खटीक, निवासी दमोह, अपनी मोटरसाइकिल से दमोह से तेंदूखेड़ा जा रहा था। इसी दौरान तेजगढ़ की ओर जा रहा एक 407 मालवाहक वाहन कंसा गांव के पास अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गया। टक्कर के बाद 407 वाहन भी सड़क पर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। ड्यूटी पर तैनात आरक्षक देवराज कुर्मी ने घायल को तत्काल तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि घायल के एक हाथ में फ्रैक्चर है तथा सीने में भी गंभीर चोटें आई हैं।सूत्रों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त 407 वाहन तेजगढ़ निवासी गुलाब जैन का बताया जा रहा है, जो सागा गांव से बोरियां लेकर वापस तेजगढ़ लौट रहा था। हादसे के समय वाहन में केवल चालक सवार था, जिसे कोई चोट नहीं आई।

घटना की सूचना पर तेजगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पलटे हुए वाहन को हटवाकर यातायात सामान्य कराया तथा वाहन को जब्त कर थाने पहुंचा दिया। थाना प्रभारी अरविंद्र ठाकुर ने बताया कि कंसा गांव के समीप 407 वाहन और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद वाहन पलट गया। घायल को पहले तेंदूखेड़ा अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे जबलपुर रेफर किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बारिश से मकान का छप्पर गिरा, ग्राम कोटवार घायल



**बटियागढ़।** जिले के मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत इटवा मंगोला गांव में लगातार हो रही बारिश के बीच एक मकान का छप्पर भरभराकर गिर गया। हादसे में घर के अंदर मौजूद ग्राम कोटवार घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए बटियागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार इटवा मंगोला निवासी एवं ग्राम कोटवार रविकांत अठया घटना के समय घर के अंदर भोजन कर रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश के कारण मकान का कच्चा छप्पर अचानक ढह गया, जिसकी चपेट में आने से वह घायल हो गए।परिजनों ने उन्हें निजी वाहन से तत्काल बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। घायल रविकांत अठया ने बताया कि भारी बारिश के चलते मकान का छप्पर अचानक गिर गया, जिससे उन्हें चोटें आई हैं।घटना की सूचना राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी दे दी गई है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# निर्माण कार्य बना जानलेवाः ग्रेडर की चपेट में आया युवक, हालत नाजुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के अभाना गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां घर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान एक युवक ग्रेडर की चपेट में आ गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना करीब दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है। घायल युवक विनोद अहिरवार (27) घर में निर्माण कार्य के दौरान सरिया और टाइल्स काटने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक ग्रेडर मशीन की चपेट में आने से उसके पैर की उंगलियों के ऊपर का हिस्सा बुरी तरह घायल हो गया और वह लहूलुहान हो गया। हादसे के बाद परिजनों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. आरिब खान ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों ने बताया कि युवक के पैर में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी स्थिति नाजुक है। बेहतर उपचार के लिए उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

### सुरक्षा में लापरवाही बनी कारण?

घटना ने एक बार फिर निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा इंतजामों की कमी को उजागर कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे कार्यों में उचित सावधानी और सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करने से इस तरह के हादसे सामने आते हैं।

## सहकारिता ही समृद्धि का आधार है- दिनेश कुमार मांझी

**दमोह।** जन जागरण सहकारी सप्ताह 2026 अंतर्गत बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ सागर के तत्वाधान में सहकार से समृद्धि, विकसित मध्य प्रदेश विषय पर प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित, राजलवारी में भरत पटेल (सरपंच) के मुख्य आतिथ्य, दिनेश कुमार मांझी जिला प्रबंधक, दुग्ध शीत केंद्र दमोह की अध्यक्षता व परशुराम पटेल (पूर्व सरपंच) द्वारका पटेल व भरत चैबे के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालन जिला सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव दुबे ने करते हुए दुग्ध सहकारी समितियों के गठन उद्देश्य व कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। दिनेश कुमार मांझी ने बताया कि दमोह जिले में 103 दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत है जिसमें 2575 सदस्य हैं और इन समितियों से प्रतिदिन लगभग 11000 लीटर दुग्ध संकलन हो रहा है। दुग्ध संघ द्वारा समिति के सदस्यों को शीघ्र ही वोनस का वितरण किया जाना है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा डेयरी व्यवसाय करने के इच्छुक लोगों के लिए कामधेनु योजना व आचार्य विद्यासागर जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें 25 प्रतिशत से 33 प्रतिशत तक अनुदान मिलता है। आप लोग इसका लाभ उठाएं । कार्यक्रम में टीकाराम पटेल मुरलीधर शंकर सिंह लखन लाल चैबे ओमकार चैबे दुर्गेश अहिरवार अशोक रैकवार सहित समिति सदस्यों व किसानों की उपस्थिति रही। आभार शालगराम अठ्या (सुपरवाइजर) ने माना।